वेबसाइटः www.bankofbaroda.in **ईमेल:** corp.pr@bankofbaroda.com

स्थान: हजारीबाग तारीख: 17.07.2023

प्रेसविज्ञप्ति

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के रांची क्षेत्र की ओर से डिजिटलीकरण के दौर में एक नई पहल के रूप में "डिजिटल सर्विस आउटलेट" का शुभारंभ "

हजारीबाग, 17.07.2023 आज बैंक ऑफ़ बड़ौदा के रांची क्षेत्र की ओर से डिजिटलीकरण के दौर में एक नई पहल के रूप में "डिजिटल सर्विस आउटलेट" का शुभारंभ एसटीसी शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बीएसएफ मेरु हजारीबाग में किया गया। उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री डेनियल अधिकारी (इंस्पेक्टर जनरल) एस टी सी, बी एस एफ, हजारीबाग एवं बैंक ऑफ बड़ौदा के महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख पटना, श्री सोनाम टी भुटीया के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। उद्घाटन सत्र में बैंक ऑफ बड़ौदा क्षेत्रीय कार्यालय, रांची के सहायक महाप्रबंधक एवं क्षेत्रीय प्रमुख श्री शंकर महतो एवं हजारीबाग शाखा के मुख्य प्रबंधक एवं शाखा प्रमुख श्री प्रेम कुमार साह एवं अन्य कार्यपालकगण और स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के बारे में:

20 जुलाई, 1908 को महाराजा सर सयाजीराव गायकवाड़ III द्वारा स्थापित, बैंक ऑफ़ बड़ौदा भारत के प्रमुख वाणिज्यिक बैंकों में से एक है। 63.97% हिस्सेदारी के साथ यह प्रमुख रूप से भारत सरकार के स्वामित्व में है। बैंक पांच महाद्वीपों में 17 देशों में फैले 70,000 से अधिक टचप्वाइंट के माध्यम से 150 मिलियन से अधिक के अपने वैश्विक ग्राहक आधार को सेवाएं प्रदान कर रहा है। अपने अत्याधुनिक डिजिटल बैंकिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से यह सभी बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं को निर्बाध एवं बाधारहित उपलब्ध करा रहा है। बैंक का बॉब वर्ल्ड मोबाइल ऐप ग्राहकों को एक ही ऐप के अंतर्गत बचत, निवेश, उधार एवं खरीदारी का अनुभव प्रदान कर रहा है। यह ऐप वीडियो केवाईसी के माध्यम से खाता खोलने की सुविधा उपलब्ध कराकर गैर-ग्राहकों को भी सेवा प्रदान करता है। बैंक का दृष्टिकोण अपने विविध ग्राहक आधार के अनुरूप है तथा यह विश्वास एवं सुरक्षा की भावना पैदा करता है। बैंक उस दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा है और बॉब वर्ल्ड डिजिटल परिवर्तन की दिशा में इसके रोडमैप का एक प्रमाण है।

- www.bankofbaroda.in पर जाएं.
- फेसबुक https://www.facebook.com/bankofbaroda/
- ट्विटर https://twitter.com/bankofbaroda
- इंस्टाग्राम https://www.instagram.com/officialbankofbaroda/

- यूट्यूब https://www.youtube.com/channel/UCdf14FHPLt7omkE9CmyrVHA
- लिंक्डइन https://www.linkedin.com/company/bankofbaroda/

कृपया अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:

बैंक ऑफ़ बड़ौदा का संपर्क सूत्र: फिरोजा चौकसी | +91 9820363681 | corp.pr@bankofbaroda.com

परफेक्ट रिलेशंस - स्नेहा जोशी | +91 9833004482 | snehaj@perfectrelations.com